प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक-03-09-2023

जनपद अम्बेडकरनगर थाना अलीगंज पुलिस टीम व स्वाट टीम की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तीन अन्तर्जनपदीय शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 08 अदद मोटर साइकिल व एक अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया।

जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अलीगंज पुलिस टीम द्वारा कल दिनाकं 02.09.2023 को अभिसूचना संकलन के दौरान ऑपरेशन दृष्टि के अन्तर्गत चौराहों व मुख्य मार्गों पर स्थापित कराये गये सीसीटीवी कैमरो को मोबाइल ऐप पर मॉनिटर किया जा रहा था कि दो मोटर साइकिल पर तीन संदिग्ध व्यक्ति कश्मीरिया चौराहे से एनटीपीसी रोड पर जाते हुए दिखाई दिये उक्त व्यक्तियों के विषय में अलीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर को अभिसूचना संकलन हेतु तत्काल बताया गया तो मुखबिर व तकनीकी अभिसूचना के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार कि एक गैंग के कुछ अपराधी मेले के दौरान मोटर साइकिल चोरी करके आस-पास के जनपदों व गैर प्रान्त से खरीद फरोख्त का कारोबार करने वाले सक्रिय है, प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीगंज पुलिस व स्वाट/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फूटेज के आधार पर व मुखबिर की मिली जानकारी के अनुसार एनटीपीसी वरुआ जलाकी रुस्तमपुर मोड़ पर सन्दिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग करने लगे कि कुछ देर बाद शाम करीब 18.30 बजे दो मोटर साइकिलों से रुस्तमपुर एनटीपीसी रोड की तरफ से तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हे पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिये गये व्यक्तियों से कड़ाई पूछताछ करनें पर बताया कि उनका मोटर साइकिल चोरी करने वालों का एक गैंग है, वे लोग मेले का फायदा उठाकर मेले में आये व्यक्तियों की मोटर साइकिल चोरी करने की फिराक में आये थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर रुस्तमपुर एनटीपीसी रोड के पास ही रेलवे लाइन के किनारे बड़ी-बड़ी झाड़ियों में छिपाकर रखे गये 06 अदद मोटर साइकिले बरामद हुई **(अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद व निशानदेही से 06 अदद मोटरसाइकिल कुल 08 अदद मोटर साइकिल बरामद हुई)** गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे विभिन्न जनपदों व प्रान्तों के अलग-अलग जगहों से कई गाड़ियों को चुरा कर आस-पास के जनपदों में बेच चुके है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया ये चोरियाँ वे अपने महँगे शौक को पूरा करने के लिये करते है तथा गैंग लीडर के साथ मिलकर गाड़ियों के नम्बर प्लेट व इंजन नम्बर, चेचिस नम्बर बदलकर अलग-अलग लोगों को उचित कीमत पर बेच देते है। अभियुक्त के पास से चोरी की एक अदद मोबाइल भी बरामद हुई है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगण–

01-पुनीत यादव पुत्र रामचरन यादव निवासी करमहुसैनपुर थाना बेवाना जनपद अम्बेडकरनगर।

02-पंकज सोनकर पुत्र ह्दयराम सोनकर निवासी सेमरी बाजार शिसौडा थाना जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर।

03-दीपक अग्रहरी पुत्र दिनेश अग्रहरि निवासी सेमरी बाजार शिसौडा थाना जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर।

विवरण बरामदगी-

01- अपाचे मोटरसाइकिल- सफेद रंग की (वाहन सं0 UP-45-U-0138)
02- हीरो स्पेलण्डर-काले रंग की (वाहन सं0-UP-32-KT-7099)
03- हीरो स्प्लेण्डर- काले रंग की (वाहन सं0- UP-32-LH-9080) जिसका चे0न0 MBLHAW09XKHL74640 इ0 न0 HA10AGKHLB4880,
04- हीरो स्पेलण्डर- काले रंग की (चे0न0 MBLHAW1131LHB81615 इ0न0 HA11EVLHB04608)
05- अपाचे RTR 160 लाल रंग की-बिना नम्वर की (चे0न0 MD634BE43H2K86637 इ0न0 BE4KH218538L)
06- हीरो पैशन प्रो- (रंग नीला) (वाहन सं0-UP-82-AB-2565 (चे0न0 MBLHA10A6EAG481 इ0न0 HA10EHG73152)
07- हीरो होण्डा स्पेलण्डर प्लस (वाहन सं0-UP-32-BD-4579) (चे0न0 04G16C26006 इ0न0 04G15M22087)
08- हीरो HF डिलक्स (बिना नम्वर) (चे0न0 MBLHAR203JGEO इ0न0 HANENYGEO 6428)
09- 01 अदद मोबाइल फोन चोरी का
10- 03 अदद मोबाइल फोन व 05 अदद सिम कार्ड

विवरण पंजीकृत अभियोग-

01-मु0अ0स0 196/23 धारा 41/411/413/420/467/468/471 भादवि थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर।

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस बल

1. प्र0नि0 विजेन्द्र शर्मा थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर।
2. निरीक्षक रामउग्रह कुशवाहा थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर।
3. हे0का0 धनन्जय सिंह पटेल थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर।
4. का0 अजय चौहान थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर।
5. का0 अभिषेक यादव थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर।
6. उ0नि0 ताहिर खाँ (स्वाट टीम)
7. का0 मोहित (स्वाट टीम)
8. का0 विजेन्द्र यादव (स्वाट टीम)
9. का0 कुलदीप (स्वाट टीम)